अमर उजाला 12/04/2023

# ग्राफिक डिजाइन में आक्षी को प्रथम स्थान



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग द्वारा ग्राफिक डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसका आयोजन प्रो. सोनम साहू की देखरेख में आरंभ किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा कंसल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आक्षी, द्वितीय पुरस्कार आशी और तृतीय पुरस्कार भूमि को दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. सीमा कंसल, प्रो. सोनम साहू , डॉ. चंद्रपाल पुनिया, प्रो. पारुल और डॉ. शिवानी धवन उपस्थित रहे। संवाद